collegebatch.com

Series **E1GFH/2**

**Set No. 2**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **61/2/2**

अनुक्रमांक / Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
*Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.*

# इतिहास
# HISTORY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे*
*Time allowed : 3 hours*

*अधिकतम अंक : 80*
*Maximum Marks : 80*

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 32 (**मानचित्र** सहित) हैं । | (I) | *Please check that this question paper contains 32 printed pages (Including **Map**).* |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.* |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 34 प्रश्न हैं । | (III) | *Please check that this question paper contains 34 questions.* |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | ***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.*** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.* |

collegebatch.com

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***34*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र* ***पांच*** *खण्डों में विभाजित है – खण्ड* ***क, ख, ग, घ*** *तथा* ***ङ*** *।*

*(iii)* ***खण्ड-क*** *– प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***21*** *तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड-ख*** *– प्रश्न संख्या* ***22*** *से* ***27*** *तक लघु उत्तरीय प्रकार के* ***तीन-तीन*** *अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***60*** *से* ***80*** *शब्दों की शब्द सीमा में लिखा जाना चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड-ग*** *– प्रश्न संख्या* ***28*** *से* ***30*** *दीर्घ उत्तरीय प्रकार के* ***आठ-आठ*** *अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***300*** *से* ***350*** *शब्दों की शब्द सीमा में लिखा जाना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड-घ*** *– प्रश्न संख्या* ***31*** *से* ***33*** *स्रोत आधारित प्रश्न, जिनमें* ***तीन*** *उपप्रश्न हैं, प्रत्येक* ***चार-चार*** *अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vii)* ***खण्ड-ङ*** *– प्रश्न संख्या* ***34*** *मानचित्र आधारित* ***पाँच*** *अंकों का प्रश्न है जिसमें महत्वपूर्ण परीक्षण, वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल हैं । इस मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । इन प्रश्नों में से केवल* ***एक*** *ही विकल्प का उत्तर लिखा जाए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, प्रत्येक खण्ड एवं प्रश्नों के साथ, जहाँ आवश्यक हैं, निर्देश दिए गए हैं ।*

collegebatch.com

**General Instructions :**

***Read the following instructions carefully and follow them :***

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are compulsory.*

*(ii)* *Question paper is divided into **FIVE** Sections – Section **A, B, C, D & E.***

*(iii)* *In **Section A** – Question Nos. **1** to **21** are Multiple Choice Questions (MCQ) type questions.*

*(iv)* *In **Section B** – Question Nos. **22** to **27** are Short Answer (SA) type questions, carrying **3** marks each. Answer to these questions should not exceed **60 to 80** words.*

*(v)* *In **Section C** – Question Nos. **28** to **30** are Long Answer (LA) type questions, carrying **8** marks each. Answer to these questions should not exceed **300 to 350** words.*

*(vi)* *In **Section D** – Question Nos. **31** to **33** are Source Based questions with **three** sub questions are of **4** marks each.*

*(vii)* *In **Section E** – Question No. **34** is Map based question, carrying **5** marks that includes the identification and location of significant test items. Attach the map with the answer book.*

*(viii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only **one** of the choices in such questions has to be attempted.*

*(ix)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

collegebatch.com

## खण्ड – क

**(बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न)** **21 × 1 = 21**

1. निम्नलिखित में से संविधान सभा में किसने प्रस्तावित किया था कि 'भारत का राष्ट्रीय ध्वज समान अनुपात में केसरिया, सफेद और गहरे हरे रंग का क्षैतिज तिरंगा' होगा ? **1**

   (A) राजेन्द्र प्रसाद (B) जवाहरलाल नेहरू

   (C) महात्मा गांधी (D) के.एम. मुंशी

2. दी गई जानकारी को पढ़िए और निम्नलिखित विकल्पों में से 1857 के नेता को पहचानिए : **1**

   - अवध का नवाब
   - उसको गद्दी से उतार कर कलकत्ता निर्वासित कर दिया गया ।
   - अंग्रेजों ने उसे अलोकप्रिय शासक माना जो गलत था ।

   **विकल्प :**

   (A) बिरजिस क़द्र (B) शाह आलम

   (C) वाज़िद अली शाह (D) बहादुर शाह

3. निम्नलिखित को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

   I. संथाल विद्रोह

   II. दक्कन के गाँवों में दंगे

   III. बंगाल में इस्तमरारी बंदोबस्त

   IV. बॉम्बे दक्कन में पहला राजस्व बंदोबस्त

   **विकल्प :**

   (A) I, II, III और IV (B) II, III, IV और I

   (C) III, IV, I और II (D) IV, I, II और III

collegebatch.com

## SECTION – A

**(Multiple Choice Type Questions)** **21 × 1 = 21**

1. Who among the following in the Constituent Assembly proposed 'horizontal tricolour National flag of saffron, white and green in equal proportion' ? **1**

   (A) Rajendra Prasad (B) Jawahar Lal Nehru

   (C) Mahatma Gandhi (D) K.M. Munshi

2. Read the given information and identify the leader of 1857 Revolt from the following options : **1**

   - Nawab of Awadh
   - Was dethroned and exiled to Calcutta
   - British wrongly assumed him as unpopular ruler

   **Options :**

   (A) Birjis Qadr (B) Shah Alam

   (C) Wajid Ali Shah (D) Bahadur Shah

3. Arrange the following in chronological order and select the correct order from the following options : **1**

   I. Santhal Rebellion

   II. Riots in Deccan Villages

   III. Permanent Settlement in Bengal

   IV. First Revenue Settlement in Bombay Deccan

   **Options :**

   (A) I, II, III and IV (B) II, III, IV and I

   (C) III, IV, I and II (D) IV, I, II and III

collegebatch.com

4. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए : 1

| **सूची-I (मुगल साम्राज्य में भूमि)** | | **सूची-II (विशेषता)** | |
|---|---|---|---|
| i. | पोलज | a. | सदैव खेती की गई जमीन |
| ii. | परौती | b. | तीन या चार साल के लिए परती जमीन |
| iii. | चचर | c. | एक साल के लिए परती जमीन |
| iv. | बंजर | d. | पाँच साल से खेती न की गई जमीन |

**विकल्प :**

| | **i** | **ii** | **iii** | **iv** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | a | c | b | d |
| (B) | b | c | d | a |
| (C) | c | d | a | b |
| (D) | d | c | b | a |

5. विजयनगर का नाम हम्पी क्यों पड़ा ? निम्नलिखित में से उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए : 1

(A) यह नाम कृष्णदेव राय ने विजयनगर को दिया था ।

(B) यह नाम कॉलिन मैकेन्जी, जो एक पुराविद् थे, द्वारा लिया गया था ।

(C) यह नाम स्थानीय देवी पम्पादेवी से लिया गया था ।

(D) यह नाम विठ्ठल और विरूपक्ष देवताओं को समर्पित था ।

6. मध्यकालीन भारत के नाथ सम्प्रदाय के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ? 1

(A) नाथ सम्प्रदाय मुख्यतः कारीगर समूहों का था ।

(B) यह सामान्य भाषा में अपने विचार रखते थे ।

(C) ये भक्त लोग उत्तर भारत के थे ।

(D) अमीर खुसरो इस सम्प्रदाय में से एक प्रमुख थे ।

collegebatch.com

4. Match the following : **1**

| List-I (Lands in Mughal Empire) | | List-II (Features) | |
|---|---|---|---|
| i. | Polaj | a. | Land always being cultivated |
| ii. | Parauti | b. | Land fallow for three to four years |
| iii. | Chachhar | c. | Land fallow a year |
| iv. | Banjar | d. | Land uncultivated for five years |

**Options :**

| | **i** | **ii** | **iii** | **iv** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | a | c | b | d |
| (B) | b | c | d | a |
| (C) | c | d | a | b |
| (D) | d | c | b | a |

5. Why was Vijayanagar named as Hampi ? Select the appropriate option from the following : **1**

(A) This name was given by Krishnadeva Raya to Vijaynagar.

(B) This name was derived by Colin Meckenzie, an antiquarian.

(C) This name was derived from the local goddess named Pampadevi.

(D) This name was devoted to Vithhla and Virupaksha deities.

6. Which of the following statements regarding 'Nath' sect of Medieval India is NOT correct ? **1**

(A) Nath sect mostly came from artisans groups.

(B) They expressed themselves in common language.

(C) They were the devotional people from north India.

(D) Amir Khusro was the prominent one from this sect.


collegebatch.com

7. निम्नलिखित में से किस देश से 'दुआर्ते बारबोसा' संबंधित था ? **1**

(A) रूस (B) पुर्तगाल

(C) स्पेन (D) फ्रांस

8. निम्नलिखित विकल्पों में से साँची स्तूप की संरचनात्मक विशेषता जो A से अंकित की गई है की पहचान कीजिए : **1**




(A) हरमिका (B) अंडा

(C) यश्ति (D) छतरी

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 8 के स्थान पर हैं :**

निम्नलिखित में से किस स्थान पर बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया ?

(A) लुम्बिनी (B) सारनाथ

(C) कुशीनगर (D) बोधगया


collegebatch.com

7. Which of the following countries 'Duarte Barbosa' belonged to ? **1**

(A) Russia (B) Portugal

(C) Spain (D) France

8. Look at the figure given below and identify the structural feature marked as 'A' of the Sanchi stupa from the following options : **1**




(A) Harmika (B) Anda

(C) Yashti (D) Chhatri

**Note : The following question is for the Visually Impaired Candidates in lieu of Q. No. 8.**

In which of the following places Buddha gave his first Sermon ?

(A) Lumbini (B) Sarnath

(C) Kushinagar (D) Bodhgaya

collegebatch.com

9. निम्नलिखित में से कौन सा भारत के राजवंशों का सही कालानुक्रमिक क्रम है ? **1**

(A) कुषाण, मौर्य और गुप्त
(B) मौर्य, गुप्त और शक
(C) मौर्य, शक और गुप्त
(D) गुप्त, शक और मौर्य

10. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही है ? **1**

| | **सूची-I** (हड़प्पा पुरास्थल) | | **सूची-II** (आज की अवस्थिति) |
|---|---|---|---|
| i. | मांडा | – | उत्तर प्रदेश |
| ii. | राखीगढ़ी | – | सिंध |
| iii. | नागेश्वर | – | गुजरात |
| iv. | कालीबंगा | – | राजस्थान |

**विकल्प :**

(A) ii और iv

(B) i और iv

(C) ii और iii

(D) iii और iv

11. निम्नलिखित में से रानी प्रभावती किस राजवंश की थीं ? **1**

(A) गुप्त
(B) मौर्य
(C) कुषाण
(D) वाकाटक

9. Which of the following is the correct chronological sequence of the ruling dynasties of India ? **1**

(A) Kushans, Mauryas and Guptas

(B) Mauryas, Guptas and Shakas

(C) Mauryas, Shakas and Guptas

(D) Guptas, Shakas and Mauryas

10. Which of the following pairs is correctly matched ? **1**

| | List-I (Harappan Site) | | List-II (Location) |
|---|---|---|---|
| i. | Manda | – | Uttar Pradesh |
| ii. | Rakhigarhi | – | Sindh |
| iii. | Nageshwar | – | Gujarat |
| iv. | Kalibanga | – | Rajasthan |

**Options :**

(A) ii and iv

(B) i and iv

(C) ii and iii

(D) iii and iv

11. Which of the following dynasties queen Prabhavati belonged to ? **1**

(A) Gupta (B) Maurya

(C) Kushana (D) Vakataka

collegebatch.com

12. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक अभिकथन (A) और दूसरा कारण (R) है : 1

**अभिकथन (A) :** जमींदारों ने बंगाल में इस्तमरारी बंदोबस्त के राजस्व को भुगतान करने में चूक की ।

**कारण (R) :** कृषि की उपजों की कीमतें निम्न थीं ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) सही नहीं है ।

(D) (R) सही है, लेकिन (A) सही नहीं है ।

13. आइन-ए-अकबरी के बारे में निम्नलिखित में से कौन सी जानकारियाँ सही हैं ? 1

I. यह अब्दुल राजी द्वारा अरबी भाषा में लिखा गया ।

II. मंजिल आबादी, शाही घराने के रखरखाव से संबंधित है ।

III. सिपाह-आबादी, सैन्य और नागरिक प्रशासन से संबंधित है ।

IV. मुल्क-आबादी, साम्राज्य के वित्तीय पक्ष से संबंधित है ।

**विकल्प :**

(A) II, III और IV

(B) III, IV और I

(C) IV, I और II

(D) I, II और III

14. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही है ? 1

| | **(राज्य)** | | **(1857 के विद्रोह के नेता)** |
|---|---|---|---|
| (A) | कानपुर | : | तात्यां तोपे |
| (B) | मध्य प्रदेश | : | शाहमल |
| (C) | बिहार | : | कुँवर सिंह |
| (D) | उत्तर प्रदेश | : | गोनू |

collegebatch.com

12. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and other labelled as Reason (R) : **1**

**Assertion (A) :** Zamindars defaulted on payments in the Permanent Settlement.

**Reason (R) :** Prices of the agricultural produce were low.

(A) (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) (A) and (R) are correct and (R) is not correct explanation of (A).

(C) (A) is correct but (R) is not correct.

(D) (R) is correct but (A) is not correct.

13. Which of the following informations are correct about Ain-i-Akbari ? **1**

I. Written by Abdul Razi in Arabic language.

II. Manzil-abadi, concerns the imperial household

III. Sipah-abadi, covers the military and civil administration.

IV. Mulk-abadi, deals with the fiscal side of the empire.

**Options :**

(A) II, III and IV (B) III, IV and I

(C) IV, I and II (D) I, II and III

14. Which of the following pairs is correctly matched ? **1**

| | **(State)** | | **(Leader of 1857 Revolt)** |
|---|---|---|---|
| (A) | Kanpur | : | Tantya Tope |
| (B) | Madhya Pradesh | : | Shahmal |
| (C) | Bihar | : | Kunwar Singh |
| (D) | Uttar Pradesh | : | Gonoo |

collegebatch.com

15. निम्नलिखित का सही मिलान कीजिए : **1**

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| | **(पंथ)** | | **(संत)** |
| a. | अलवार | 1. | गुरु गोबिंद सिंह |
| b. | नयनार | 2. | अंडाल |
| c. | सूफीवाद | 3. | कराईक्काल अम्मीयार |
| d. | सिख धर्म | 4. | बाबा फरीद |

**विकल्प :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 4 | 2 | 3 | 1 |

16. वैदिक परंपरा के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही नहीं है ? **1**

(A) प्रारंभिक वैदिक परंपरा को 1000 ई.पू. से 1600 ई. के बीच संकलित किया गया ।

(B) ऋग्वेद में अग्नि, इंद्र और सोम की स्तुति में भजन शामिल है ।

(C) राजसूय और अश्वमेध यज्ञ राजाओं द्वारा करवाए जाते थे ।

(D) उपनिषद में कई वैदिक विचार मिलते हैं ।

17. हड़प्पा के निम्नलिखित क्षेत्रों में से किस एक को 'गणेश्वर–जोधपुर संस्कृति' कहा जाता था ? **1**

(A) नागेश्वर

(B) खेतड़ी

(C) आमरी

(D) चन्हूदड़ो

collegebatch.com

15. Match the following : **1**

| | List-I (Cult) | | List-II (Saints) |
|---|---|---|---|
| a. | Alvar | 1. | Guru Gobind Singh |
| b. | Nayanar | 2. | Andal |
| c. | Sufism | 3. | Karaikkel-Ammaiyaar |
| d. | Sikhism | 4. | Baba Farid |

**Options :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 4 | 2 | 3 | 1 |

16. Which one of the following statements regarding the Vedic tradition is <u>incorrect</u> ? **1**

(A) The early Vedic tradition was compiled between BC E. 1000 to 1600 CE.

(B) The Rigveda consists of hymns in praise of Agni, Indra and Soma

(C) The Rajasuya and Ashvamedha Yajnas were performed by Kings

(D) Many Vedic ideas were found in the Upanishads.

17. Which one of the following regions of Harappa was called as 'Ganeshwar Jodhpur Culture' ? **1**

(A) Nageshwar (B) Khetri

(C) Amri (D) Chanhudaro

collegebatch.com

18. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सुमेलित है ? **1**

| **(प्रथम सहस्राब्दी विचारक)** | | **(देश)** |
|---|---|---|
| (A) जरथुस्त्र | – | ईरान |
| (B) खुंगत्सी | – | जापान |
| (C) सुकरात | – | रोम |
| (D) महावीर | – | श्रीलंका |

19. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक अभिकथन (A) और दूसरा कारण (R) : **1**

**अभिकथन (A) :** 1929 में कांग्रेस का लाहौर अधिवेशन महत्वपूर्ण था ।

**कारण (R) :** 'पूर्ण स्वराज' या 'पूर्ण स्वतंत्रता' के प्रति प्रतिबद्धता की घोषणा पारित की गई थी ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) सही नहीं है ।

(D) (R) सही है, लेकिन (A) सही नहीं है ।

20. निम्नलिखित यात्रियों में से कौन पुर्तगाल से था ? **1**

(A) एंटोनियो मोनसेराट

(B) डोमिंगो पेस

(C) पीटर मुंडी

(D) फ्रास्वां बर्नियर

21. निम्नलिखित में से किसने संविधान सभा में महिलाओं के लिए न आरक्षण और न पृथक निर्वाचन बल्कि न्याय की माँग की ? **1**

(A) मालती चौधरी

(B) हंसा मेहता

(C) बेगम एज़ाज़ रसूल

(D) राजकुमारी अमृत कौर

collegebatch.com

18. Which of the following is correctly matched ? **1**

| (First Millennium Thinker) | | (Country they Belonged) |
|---|---|---|
| (A) Zarathustra | – | Iran |
| (B) Kungzi | – | Japan |
| (C) Socrates | – | Rome |
| (D) Mahavira | – | Sri Lanka |

19. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and other labelled as Reason (R) : **1**

**Assertion (A) :** Lahore session of Congress in 1929 was significant.

**Reason (R) :** Proclamation of commitment to 'Poorna Swaraj' or complete independence was passed.

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct and (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is correct and (R) is not correct.

(D) (R) is correct and (A) is not correct.

20. Who among the following travellers was from Portugal ? **1**

(A) Antonio Monserrate (B) Domingo Paes

(C) Peter Mundy (D) Francois Bernier

21. Who among the following demanded justice for women, not reserved seats or separate electorates in the Constituent Assembly ? **1**

(A) Malti Chaudhary (B) Hansa Mehta

(C) Begum Aizaz Rasul (D) Rajkumari Amrit Kaur

collegebatch.com

## खण्ड – ख

**(लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** $6 \times 3 = 18$

22. (a) जमीन से मिलने वाला राजस्व मुगल साम्राज्य की आर्थिक बुनियाद किस प्रकार था ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। 3

**अथवा**

(b) मुगल ग्रामीण समाज में गाँव पंचायतों की भूमिका को स्पष्ट कीजिए। 3

23. 'मोहनजोदड़ो एक सुनियोजित शहरी केन्द्र था।' उपयुक्त तर्कों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए। 3

24. 'बारहवीं शताब्दी, में कर्नाटक में वीरशैव संतों के द्वारा एक धार्मिक और सामाजिक आंदोलन हुआ'। उपयुक्त बिंदुओं के साथ कथन को स्पष्ट कीजिए। 3

25. (a) बौद्ध धर्म की मुख्य शिक्षाओं का वर्णन कीजिए। 3

**अथवा**

(b) जैन धर्म की शिक्षाओं का वर्णन कीजिए। 3

26. '1857 के विद्रोह को दबाना अंग्रेजों के लिए आसान साबित नहीं हुआ।' इस कथन को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। 3

27. संविधान सभा में मजबूत केन्द्र के पक्ष में दिए गए तर्कों की व्याख्या कीजिए। 3

collegebatch.com

## SECTION – B

**(Short Answer Type Questions)** **6 × 3 = 18**

22. (a) How revenue from the land was the economic mainstay of the Mughal Empire' ? Explain with examples. **3**

**OR**

(b) Explain the role of village panchayats in the Mughal rural society. **3**

23. 'Mohenjodaro was a Urban Centre.' Support the statement with suitable arguments. **3**

24. 'In the twelfth century, Karnataka witnessed a religious and social movement under the Virashaiva Saints.' Support the statement with suitable points. **3**

25. (a) Describe the main teachings of Buddhism. **3**

**OR**

(b) Describe the teachings of Jainism. **3**

26. 'British did not have an easy time in putting down the Revolt of 1857.' Explain the statement with examples. **3**

27. Explain the arguments given in favour of strong Centre in the Constituent Assembly. **3**

## खण्ड – ग

**(दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** **3 × 8 = 24**

28. (a) मौर्य काल के अभिलेखों का अर्थ कैसे निकाला गया ? अभिलेखों की सीमाओं की व्याख्या कीजिए। **2 + 6 = 8**

**अथवा**

(b) इतिहासकारों को मौर्य काल के बारे में कैसे पता चलता है ? मौर्य साम्राज्य की प्रशासनिक संरचना की व्याख्या कीजिए । **4 + 4 = 8**

29. (a) विजयनगर साम्राज्य की किलेबंदी की विशेषताओं की परख कीजिए। **8**

**अथवा**

(b) विजयनगर साम्राज्य के शाही केन्द्र की विशेषताओं की परख कीजिए। **8**

30. (a) "ऐसे विभिन्न स्रोत हैं जो हमें भारत के राष्ट्रीय आंदोलन में महात्मा गांधी के योगदान के बारे में विशेष अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं।" उन स्रोतों की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए। **8**

**अथवा**

(b) कई विद्वानों ने स्वतंत्रता के बाद के महीनों को गांधीजी का 'श्रेष्ठतम क्षण' क्यों कहा है ? उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए। **8**

collegebatch.com

## SECTION – C

**(Long Answer Type Questions)** **3 × 8 = 24**

28. (a) How were the inscriptions of Maurya period deciphered ? Explain the limitations of epigraphy. **2 + 6 = 8**

**OR**

(b) How do Historians come to know about Maurya period ? Explain the administrative structure of Mauryan empire. **4 + 4 = 8**

29. (a) Examine the features of fortification of the Vijayanagar empire. 8

**OR**

(b) Examine the features of Royal Centre of the Vijayanagar Empire. 8

30. (a) "There are different sources that provide us special insight into the working of Mahatma Gandhi in the National Movement of India." Explain the statement with example. 8

**OR**

(b) Why have many Scholars written of the months after Independence as being Gandhiji's finest hours ? Explain with examples. 8

collegebatch.com

## खण्ड – घ

**(स्रोत आधारित प्रश्न)** **$4 \times 3 = 12$**

31. निम्नलिखित स्रोत को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **$1 + 1 + 2 = 4$**

**बाघ सदृश पति**

यह सारांश महाभारत के *आदिपर्वन्* से उद्धृत कहानी का है :

पांडव गहन वन में चले गए थे । थक कर वे सो गए; केवल द्वितीय पांडव भीम जो अपने बल के लिए प्रसिद्ध थे, रखवाली करते रहे । एक नरभक्षी राक्षस को पांडवों की मानुष गंध ने विचलित किया और उसने अपनी बहन हिडिम्बा को उन्हें पकड़कर लाने के लिए भेजा । हिडिम्बा भीम को देखकर मोहित हो गई और एक सुंदर स्त्री के वेष में उसने भीम से विवाह का प्रस्ताव किया, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया । इस बीच राक्षस वहाँ आ गया और उसने भीम को मल्ल युद्ध के लिए ललकारा । भीम ने उसकी चुनौती को स्वीकार किया और उसका वध कर दिया । शोर सुनकर अन्य पांडव जाग गए । हिडिम्बा ने उन्हें अपना परिचय दिया और भीम के प्रति अपने प्रेम से उन्हें अवगत कराया । वह कुंती से बोली : "हे महान् देवी, मैंने मित्र, बांधव और अपने धर्म का भी परित्याग कर दिया है और आपके बाघ सदृश पुत्र का अपने पति के रूप में चयन किया है... चाहे आप मुझे मूर्ख समझें अथवा अपनी समर्पित दासी, कृपया मुझे अपने साथ लें तथा आपका पुत्र मेरा पति हो ।"

अंतत: युधिष्ठिर इस शर्त पर इस विवाह के लिए तैयार हो गए कि भीम दिनभर हिडिम्बा के साथ रहकर रात्रि में उनके पास आ जाएँगे । यह दंपति दिन भर सभी लोकों की सैर करते । समय आने पर हिडिम्बा ने एक राक्षस पुत्र को जन्म दिया जिसका नाम घटोत्कच रखा । तत्पश्चात माँ और पुत्र पाँडवों को छोड़कर वन में चले गए किंतु घटोत्कच ने यह प्रण किया कि जब भी पांडवों को उसकी ज़रूरत होगी वह उपस्थित हो जाएगा ।

collegebatch.com

## SECTION – D

**(Source Based Questions)** **4 × 3 = 12**

31. Read the given source and answer the questions that follow : **1 + 1 + 2 = 4**

**A Tiger-like Husband**

This is a summary of a story from the *Adi Parvan* of the *Mahabharata* :

The Pandavas had fled into the forest. They were tired and fell asleep; only Bhima, the second Pandava, renowned for his prowess, was keeping watch. A man-eating rakshasa caught the scent of the Pandavas and sent his sister Hidimba to capture them. She fell in love with Bhima, transformed herself into a lovely maiden and proposed to him. He refused. Meanwhile, the rakshasa arrived and challenged Bhima to a wrestling match. Bhima accepted the challenge and killed him. The others woke up hearing the noise. Hidimba introduced herself, and declared her love for Bhima. She told Kunti: "I have forsaken my friends, my dharma and my kin; and good lady, chosen your tiger-like son for my man ... whether you think me a fool, or your devoted servant, let me join you, great lady, with your son as my husband."

Ultimately, Yudhisthira agreed to the marriage on condition that they would spend the day together but that Bhima would return every night. The couple roamed all over the world during the day. In due course Hidimba gave birth to a rakshasa boy named Ghatotkacha. Then the mother and son left the Pandavas. Ghatotkacha promised to return to the Pandavas whenever they needed him.

31.1 हिडिम्बा की संस्कृति पांडवों से किस प्रकार भिन्न थी ? **1**

31.2 कुंती ने भीम के लिए हिडिम्बा की याचना को क्यों स्वीकार किया ? **1**

31.3 इस घटना ने कुंती की दूरदर्शिता को कैसे सिद्ध किया ? **2**

32. निम्नलिखित स्रोत को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1 + 1 + 2 = 4**

**विशाल पहुँच वाली एक भाषा**

संस्कृत के विषय में अलबिरुनी यह लिखता है :

यदि आप इस कठिनाई (संस्कृत भाषा सीखने की) से पार पाना चाहते हैं तो यह आसान नहीं होगा क्योंकि अरबी भाषा की तरह ही, शब्दों तथा विभक्तियों, दोनों में ही इस भाषा की पहुँच बहुत विस्तृत है । इसमें एक ही वस्तु के लिए कई शब्द, मूल तथा व्युत्पन्न दोनों, प्रयुक्त होते हैं और एक ही शब्द का प्रयोग कई वस्तुओं के लिए होता है, जिन्हें भली प्रकार समझने के लिए विभिन्न विशेषक संकेतपदों के माध्यम से एक दूसरे से अलग किया जाना आवश्यक है ।

32.1 अलबिरुनी ने संस्कृत की तुलना अरबी से किस प्रकार की? **1**

32.2 संस्कृत से अरबी में अनुवादित अलबिरुनी के कार्य का एक उदाहरण दीजिए । **1**

32.3 "संस्कृत को एक विशाल पहुँच वाली भाषा" कहे जाने के कारणों का विश्लेषण कीजिए । **2**

collegebatch.com

31.1 How was Hidimba's culture different from Pandavas ? **1**

31.2 Why did Kunti approve Hidimba's plea for Bhima ? **1**

31.3 How did this incident prove Kunti's far sightedness ? **2**

32. Read the given source and answer the questions that follow : **1 + 1 + 2 = 4**

**A language with an enormous range**

Al-Biruni described Sanskrit as follows :

If you want to conquer this difficulty (i.e. to learn Sanskrit), you will not find it easy, because the language is of an enormous range, both in words and inflections, something like the Arabic, calling one and the same thing by various names, both original and derivative, and using one and the same word for a variety of subjects, which, in order to be properly understood, must be distinguished from each other by various qualifying epithets.

32.1 How did Al-Biruni compare Sanskrit with Arabic ? **1**

32.2 Give an example of the work Al-Biruni translated in Arabic from Sanskrit. **1**

32.3 Analyse the reason of Sanskrit considered as a language with enormous range. **2**

collegebatch.com

33. निम्नलिखित स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1 + 1 + 2 = 4**

**पाँचवीं रिपोर्ट से उद्धृत**

ज़मींदारों की हालत और ज़मीनों की नीलामी के बारे में पाँचवीं रिपोर्ट में कहा गया है :

राजस्व समय पर नहीं वसूल किया जाता था और काफ़ी हद तक ज़मीनें समय-समय पर नीलामी पर बेचने के लिए रखी जाती थीं । स्थानीय वर्ष 1203, तद्नुसार सन् 1796-97 में बिक्री के लिए विज्ञापित ज़मीन की निर्धारित राशि (जुम्मा) 28,70,061 सिक्का रु. थी और वह वास्तव में 17,90,416 रु. में बेची गई और 14,18,756 रु. की राशि जुम्मा के रूप में प्राप्त हुई । स्थानीय संवत 1204, तद्नुसार सन् 1797-98 में 26,66,191 सिक्का रु. के लिए ज़मीन विज्ञापित की गई 22,74,076 सिक्का रु. की ज़मीन बेची गई और क्रय राशि 21,47,580 सिक्का रु. थी । बाकीदारों में कुछ लोग देश के बहुत पुराने परिवारों में से थे । ये थे : नदिया, राजशाही, विशनपुर (सभी बंगाल के ज़िले) आदि के राजा... । साल दर साल उनकी जागीरों के टूटते जाने से उनकी हालत बिगड़ गई । उन्हें ग़रीबी और बरबादी का सामना करना पड़ा और कुछ मामलों में तो सार्वजनिक निर्धारण की राशि को यथावत बनाए रखने के लिए राजस्व अधिकारियों को भी काफ़ी कठिनाइयाँ उठानी पड़ीं ।

33.1 इसे 'पाँचवीं रिपोर्ट' कहे जाने के कारण की जाँच कीजिए । **1**

33.2 ईंग्लैंड में ईस्ट इंडिया कंपनी की गतिविधियों पर बहस क्यों हुई ? **1**

33.3 इस रिपोर्ट की किन्हीं दो सीमाओं का विश्लेषण कीजिए । **2**

collegebatch.com

33. Read the following source and answer the questions that follow : **1 + 1 + 2 = 4**

**From the Fifth Report**

Referring to the condition of zamindars and the auction of lands, the Fifth Report stated :

The revenue was not realised with punctuality, and lands to a considerable extent were periodically exposed to sale by auction. In the native year 1203, corresponding with 1796-97, the land advertised for sale comprehended a *jumma* or assessment of *sicca* rupees 28,70,061, the extent of land actually sold bore a *jumma* or *assessment* of rupees 14,18,756 and the amount of purchase money *sicca* rupees 17,90,416. In 1204, corresponding with 1797-98, the land advertised was for *sicca* rupees 26,66,191, the quantity sold was for *sicca* rupees 22,74,076, and the purchase money *sicca* rupees 21,47,580. Among the defaulters were some of the oldest families of the country. Such were the rajahs of Nuddea, Rajeshaye, Bishenpore (all districts of Bengal), ... and others, the dismemberment of whose estates at the end of each succeeding year, threatened them with poverty and ruin, and in some instances presented difficulties to the revenue officers, in their efforts to preserve undiminished the amount of public assessment.

33.1 Examine the reason for calling it as a 'Fifth Report'. **1**

33.2 Why were activities of East India company closely debated in England ? **1**

33.3 Analyse any two limitations of this report. **2**

collegebatch.com

## खण्ड – ङ

**(मानचित्र आधारित प्रश्न)** **5 × 1 = 5**

34.1 भारत के दिए राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर उपयुक्त प्रतीकों के साथ निम्नलिखित को दर्शाइये और उनके नाम लिखिए :

I. उज्जयिनी – एक महाजनपद **1**

II. कालीबंगा – विकसित हड़प्पा पुरास्थल **1**

III. (a) पानीपत – मुगलों के नियंत्रण में एक क्षेत्र **1**

**अथवा**

(b) तंजावुर – मध्यकालीन साम्राज्य **1**

34.2 उसी रेखा-मानचित्र पर भारतीय राष्ट्रवादी आंदोलन के दो केन्द्रों को 'A' और 'B' के रूप में चिह्नित किया गया है, उन्हें पहचानिए और उनके पास खींची गई रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए। **2**

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल प्र.स. 34 के स्थान दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए हैं :**

34.1 विकसित हड़प्पा काल के किन्हीं दो पुरास्थलों के नाम लिखिए। **2**

34.2 (a) मुगल साम्राज्य के अधीन किसी एक क्षेत्र का नाम लिखिए। **1**

**अथवा**

(b) विजयनगर साम्राज्य की राजधानी का नाम लिखिए। **1**

34.3 भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन से संबंधित किन्हीं दो केन्द्रों का नाम लिखिए। **2**

collegebatch.com

## SECTION – E

**(Map Based Questions)** **5 × 1 = 5**

34.1 On the given Political outline map of India, locate and label the following with appropriate symbols :

I. Ujjaiyini – A Mahajanpada **1**

II. Kalibanga – A matured Harappan Site **1**

III. (a) Panipat – A territory under the control of Mughals **1**

**OR**

(b) Thanjavur – An empire of the Medieval Period. **1**

34.2 On the same outline map, two places regarding the centre of the Indian National Movement have been marked as 'A' and 'B'. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them. **2**

**Note : The following questions are for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 34 :**

34.1 Name any two Budhhist sites of the matured Harappan period. **2**

34.2 (a) Name any one territory under Mughal Empire. **1**


**OR**

(b) Name the capital of Vijayanagar Empire. **1**

34.3 Name any two centres related with Indian Nationalist Movement. **2**

प्रश्न सं. **34** के लिए मानचित्र

Map for Q. No. **34**




यहाँ से काटें ------- Cut Here ------- यहाँ से काटें ------- Cut Here

collegebatch.com